भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4394

28 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए नियत

'भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड"

4394. श्री उपेन्द्र सिंह रावत:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उनके मंत्रालय में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के तकनीकी इंजीनियरों आदि सहित वैसे कर्मचारियों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है जो पिछले पांच वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर बने रहे हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उसी स्थान पर तैनात ऐसे कर्मचारियों का स्थानान्तरण नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ऐसे कर्मचारियों के स्थानांतरण पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क): भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत प्रचालनरत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों से यथाप्राप्त विवरण अनुलग्नक में है।

(ख): भारी उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम विनिर्माण, परामर्शी और संविदा सेवाओं से जुड़े हैं और भारत तथा विदेशों में व्यापक रेंज वाले उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों को आबंटित कार्यों/परियोजनाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट अनुभव-प्राप्त कार्यबल को उसी स्थान पर बनाए रखना अपेक्षित है।

ये केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम अपनी व्यावसायिक योजना और आवश्यकतानुसार तकनीकी कार्यबल को पुनर्गठित करने के लिए समय-समय पर कर्मचारियों के अपेक्षित स्थानान्तरण करते हैं।

(ग): जी,नहीं।

(घ): उपर्युक्त (ख) को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*****

<u>अनुलग्नक</u>

पिछले पांच वर्षों या उससे अधिक के दौरान भारी उद्योग मंत्रालय के अधीनस्थ सीपीएसई में एक ही पद पर बरकरार कर्मचारियों की संख्या का विवरण

क्र.स.	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों के नाम	कर्मचारियों की संख्या*
1	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड	2
2	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	3029
3	ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसप कंपनी लिमिटेड	13
4	ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड	0
5	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	102
6	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड	64
7	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	519
8	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड	0
9	सांभर साल्ट्स लिमिटेड	0
10	एचएमटी लिमिटेड	0
11	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	0
12	एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड	0
13	इंस्ट्रुमेंटेशन लिमिटेड	157
14	नेपा लिमिटेड	40
15	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड	31
16	रिचर्डसन एंड क्रूडास लिमिटेड	0

* स्रोत: संबंधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यमों से यथाप्राप्त।